


## एक नजर में

### एक पेड़ शहीद के नाम लगाने की अपील

**नरसिंहगढ़ 27 जुलाई, सं.** हाल ही में शहीद हुए सैनिक हरिओम नागर की शहादत को अमिट रखने के लिए धाकड़ समाज ने अपने गांव में या मंदिर स्कूल स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में या अपने फार्म हाउस खेत की मेड़ पर एक पेड़ आवश्यक रूप से लगाएं तथा उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें. उक्त अपील धाकड महासभा के जिला अध्यक्ष लखन भंडारी ने समाज जनों से की है. भंडारी ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ ही उसकी दो से तीन वर्षों तक परवरिश का भी ध्यान रखें तभी पेड़ लगाना सार्थक होगा. भंडारी ने कहा कि मैंने स्वयं पौधारोपण कर हरियाली अमावस्या को इसकी शुरुआत की .अब आप सभी स्वजातीय बन्धुओं सहित राजगढ़ जिले के एक-एक समाजजन से अपील है कि अभी हाल ही में देश की सीमा पर ग्राम टूटीयाहेड़ी के शहीद हुए सैनिक हरिओम नागर की याद को अक्षुण बनाये रखने के लिए एक पौधा अपने गांव शहर खेत खलिहान जहां भी उचित हो वहां पर जरूर लगाए.

### बलात्कार के फरार आरोपी को पकड़ा

**राजगढ़ 27 जुलाई, का.** बलात्कार के मामले में 1 माह से फरार एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. जानकारी के अनुसार फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसके मुताबिक उसके साथ गांव के ही अजय पिता भगवान सिंह सौंधिया निवासी ग्राम रावतपुरा थाना कालीपीठ द्वारा बलात्कार की घटना करना बताया गया था. जिस पर से थाना कालीपीठ में अपराध क्रमांक 131/2025 धारा 37,64, 351(3), 127(2), 142 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया. घटना के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था. आरोपी इधर- उधर घूम फिर कर फरारी काट रहा था. आरोपी को दिनांक को 26 जुलाई को मुखबिर सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा कालीपीठ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है.

### विद्यालय में मनाया कारगिल गौरव दिवस

**सारंगपुर 27 जुलाई, सं.** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कारगिल दिवस मनाया गया. इस अवसर पर शहीदों की कुर्बानी को याद करके विद्यालय में ग्राम बलोड़ी के शहीद दीप सिंह सोलंकी एवं शहीद होकम सिंह भिलाला के परिजनों का सम्मान किया गया. आयोजन का शुभारंभ भारत मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया. तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए. इसके उपरांत भारत मां के वीर सपूतों के परिजनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया. इस अवसर पर संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस प्रत्येक भारतवासी के लिए एक गौरवशाली दिवस है. परंतु इस दिवस को विजय दिवस मनाने में हमारे देश के कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है. उन्होंने बताया कि 26 जुलाई का दिन, हर भारतीय के लिए गर्व और सम्मान का प्रतीक है, इसी दिन वर्ष 1999 में हमारे वीर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घुसपेठियो को ऑपरेशन विजय के माध्यम से करारा जवाब देकर कारगिल की चोटियों को फिर से अपने नियंत्रण में लिया था. इस अवसर पर संस्था प्रबंधक अशोक चावडा, मनीष सोलंकी, विनय मकोडिया के साथ नगर के गणमान्य नागरिक और सम्माननीय पलकगण उपस्थित थे.


### कालसर्प योग अनुष्ठान

काल सर्प योग, शांति यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम दिनांक **29 जुलाई 2025 मंगलवार** को प्रात: 10:00 से राजगढ़ (ब्यावरा) स्थित **प्राचीन शिवालय खोयरी मंदिर** में होगा. इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये संपर्क करें. मोबाइल नंबर - **9425097546**








# 53 इंच रिकॉर्ड बारिश के साथ ब्यावरा अव्वल

## भारी बारिश से अजनार, गाडगंगा ने रास्ते रोके, खुजनेर-पचोर मार्ग चार घंटे तक अवरूद्ध, निकासी का अभाव, दुकानों में भराया पानी

### सड़क की अप्रोच खराब होने से खुजनेर-पचोर मार्ग का सम्पर्क टूटा



**खुजनेर 27 जुलाई, सं.** इस क्षेत्र की पहली तेज बारिश ने नेशनल हाईवे 252 सी के रोड निर्माण की पोल खोल दी है. पचोर से खुजनेर के मध्य कड़ियां नाले की पुल नहीं बन पाने के कारण रोड का संपर्क टूट गया और यात्री बसों सहित सभी वाहन घंटों तक खड़े रहे. समाचार लिखे जाने तक 4 घंटों से रोड का संपर्क टूटा रहा. इसका कारण यह था कि निर्माण एजेंसी द्वारा ठीक से एप्रोज रोड नहीं बनाया गया. इसके कारण बारिश में रास्ता अवरूद्ध हो गया. अब यह आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है. इसी प्रकार इस मार्ग पर बनाई गई नालियों से किसानों के खेतों में पानी रोड से एक फिट ऊंची बनने से खेतो में पानी जा रहा है. जेसीबी मशीन के माध्यम से मार्ग के अवरोध को दूर करने की कोशिश की गई.

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 जुलाई,का. शासकीय अवकाश के दिन रविवार को इन्द्रदेव ने अपनी ड्यूटि खूब निभाई. जिले भर में रविवार को इन्द्र देव जमकर बरसे. ब्यावरा नगर में आज दिन भर में करीब चार से पांच इंच बारिश हुई. भारी बारिश से अजनार, गाडगंगा ने रास्ते रोक दिये. ब्यावरा नगर जिले में बारिश में अव्वल बना हुआ है. आज हुई बारिश के बाद ब्यावरा में करीब 53 इंच बारिश हो गई है. जो कि जिले में सर्वाधिक है.**

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा में रविवार सुबह 8 बजे तक कुल 1208 मिमी बारिश मापी गई थी. दोपहर 12 बजे से शुरू हुई बारिश सायंकाल 6 बजे तक रही. इस दौरान चार घंटे काफी अधिक गति के साथ बारिश हुई. यह बारिश सभी दूर होने से अजनार नदी भी उफान पर आ गई. ब्यावरा का अस्पताल रोड़ और राजगढ़ रोड के पुल के ऊपर इस मौसम में पहली बार पानी आ गया. नगर में पानी निकासी के अभाव में पुराने एबी रोड़ के कई हिस्से जलमग्न हो गए. अग्रवाल धर्मशाला, बस स्टेण्ड, कन्या शाला परिसर, पुराना अस्पताल परिसर के साथ ही शिवानी रेस्टोरेंट और शुभम भोजनालय जलमग्न हो गए. सड़क पर पानी ही पानी नजर आया. निकासी के अभाव में लोगो को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा. ब्यावरा नगर में दिन की बारिश के बाद आंकड़ा 48 इंच से बढ़कर 53 इंच के करीब पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है.

**हाईवे के सर्विस रोड़ पर पानी भराया-** पचोर की ओर जाने वाले हाईवे के सर्विस रोड़ पर तेज बारिश से पानी भर गया. जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतें आई.

### रविवार तक 685 मिमी बारिश दर्ज

भू अभिलेख कार्यालय से जारी आंकड़ों के मुताबिक जिले में अब तक इस वर्ष औसत बारिश 685 मिमी दर्ज की गई है. जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 544 .8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी. इस वर्ष जिले में 125 मिमी बारिश बीते वर्ष की तुलना में 27 जुलाई तक अधिक हो चुकी है. वहीं पिछले 24 घंटे में रविवार सुबह तक जारी आंकड़ों के अनुसार जीरापुर में 22, खिलीपुर और राजगढ़ में 19, ब्यावरा में 34, नरसिंहगढ़ में 41, सारंगपुर में 8 और पचोर में 11 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है. हालांकि 27 जुलाई को ब्यावरा में सर्वाधिक बारिश हुई है.

### मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोले

मोहनपुरा बांध के जल भराव क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा एवं जलस्तर में लगातार वृद्धि होने के कारण आज 27 जुलाई को शाम 7 बजे बांध के चार गेट 0 .4 मीटर खोलकर कुल 235 .292 क्यूमेक का डिस्चार्ज निकाला जाएगा. मोहनपुरा बांध के चार गेट खोलकर कुल 235 क्यूमेक डिस्चार्ज निकाला जा रहा है. रात्रि में जलस्तर बढ़ने पर बांध का डिस्चार्ज और अधिक बढ़ाया जा सकता है.

### स्कूलों और आंगनबाड़ियों का अवकाश घोषित

भारी बारिश के चलते कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्र ने जिले की समस्त आंगनबाड़ियों का आज 28 जुलाई को अवकाश घोषित कर दिया है. साथ ही आदेश जारी करते हुए स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है.

# हरदा से मंगवाई रैबीज की 300 वायल वैक्सीन



**दूसरी जिले से सीएमएचओ ने मांगी एआरवी वैक्सीन**

**स्वास्थ्य विभाग में समन्वय की मिसाल बनीं सीएमएचओ डॉ पटेल**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 जुलाई, का. शनिवार को जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पड़ोसी जिले हरदा के सीएमएचओ को फोन लगाकर एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता का अनुरोध किया.**

जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में एआरवी वैक्सीन की कमी के बावजूद हरदा जिले में पर्याप्त वैक्सीन की जानकारी सीएमएचओ डॉ पटेल को लगी तो उन्होंने तुरंत 300 वायल के करीब वैक्सीन की मांग कर ली, जिसे हरदा सीएमएचओ डॉ एचपी सिंह ने स्वीकार करते हुए अपने जिले के लिए भी राजगढ़ से दर्द निवारक इंजेक्शन डायक्लोफेनिक मांग लिए. इस पर दोनों जिलों ने रविवार को दवाईयों का आदान प्रदान करते हुए मरीजों के हितकारी कार्य को पूरा किया.

राजगढ़ जिले में एआरवी वैक्सीन की कमी के मद्देनजर यह मांग की गई थी, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके. डॉ पटेल ने बताया कि जिले में कुछ समय के लिए एआरवी वैक्सीन की आपूर्ति बाधित हुई है और इस मौसम में कुत्ते के काटने वाले मरीज अधिक संख्या में सामने आ रहे हैं.

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध बनाए रखने के लिए दूसरे जिले से वैक्सीन की आपूर्ति करने की पहल की है. डॉ पटेल ने बताया कि शीघ्र ही आवश्यक मात्रा में एआरवी वैक्सीन राजगढ़ जिले को मिल जाएगी. वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह दोनों जिलों के बीच उत्कृष्ट समन्वय और सहयोग का उदाहरण है जिससे आपात स्थिति में भी मरीजों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी.



# 151 परिवारों ने रोपे पौधे, वृक्ष बनने तक पालने का संकल्प लिया


नवभारत न्यूज

**तलेन 27 जुलाई, सं.** नगर से 7 किलोमीटर दूर ग्राम बावड़ी खेड़ा में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वृक्ष गंगा अभियान के तहत ग्रह ग्रह यज्ञ 108 कुंडीय का लक्ष्य लिया था. 151 घरों में यह यज्ञ संपन्न हुए हैं. और 151 ही वृक्ष लगाए गए हैं. वृक्ष का निर्धारण मुक्तिधाम के गार्डन में किया है और पूरे गांव वासियों ने तन मन धन से सहयोग देकर के अपने-अपने घर की स्वच्छता बड़ा करके अपने घर को पावन निर्मल किया है. कार्यक्रम श्री हनुमान मंदिर से प्रभात फेरी के माध्यम से शुरू हुआ और अंत में यज्ञ के पश्चात सामूहिक भोज भी आयोजित किया गया. जिला समन्वयक श्री सोनी एवं वर्तमान डॉक्टर पंवार सहित गांव के पटेल साहब एवं सरपंच सहित देवीसिंह लववंशी, पूर्व सरपंच सूरज सिंह लववंशी, भगतजी, रघुनंदन लववंशी, हरिओम लववंशी, ओम प्रकाश लववंशी, गिरधारीलाल सरपंच सहित ग्रामीणजन व गायत्री परिवार के सदस्य शामिल हुए.

# आज सुठालिया में निकलेगी भोलेनाथ की शाही सवारी

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 27 जुलाई, सं.** नगर में दूसरी बार सावन मास के तीसरे सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की शाही पालकी निकाली जाएगी. आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 28 जुलाई सोमवार को दोपहर 3 बजे भगवान भोलेनाथ की पालकी सदर बाजार स्थित नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर से शुरू होगी जो गांधी चौक, नाट्टाल मोहल्ला, परलापुरा होते हुए गढी मोहल्ला, लोधी मोहल्ला, श्री राम



मंदिर चौराहा, सदर बाजार, गांधी चौक से मधुसूदनगढ़ रोड बस स्टेण्ड होते हुए पुन: शिव मंदिर पर पहुंचेगी. यहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के बाद संपन्न होगी. आयोजनकर्ताओं ने नगर के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ व महिला पुरुषों से भोलेनाथ की पालकी में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने व पालकी में सम्मिलित शिव भक्तों, पुरूषों से धोती कुर्ता व महिलाओं से पीली या लाल चुनरी पहनने की भी अपील की.

### भव्य कावड़यात्रा निकाली

**तलेन 27 जुलाई, सं.** रविवार को ग्राम लाटाहेडी व नगर तलेन की संयुक्त एक विशाल कावड़ यात्रा डीजे ढोल धमाकों के साथ निकाली गई तथा खेड़ापति हनुमान मंदिर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया. लाटाहेडी की कावड़ यात्रा भक्तगण कावड में जलभरकर व महिलाएं कलश लेकर नगर तलेन मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंची. नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर से नगर धर्म जागरण के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मार्गो से कावड़ यात्रा निकाल गई.यात्रा खेड़ापति स्थित शिव मंदिर पहुंची जहां पर महा आरती के साथ पश्चात भगवान शिव का जल अभिषेक किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरिसिंह केशवाल ने कावड़ यात्रा पर प्रकाश डाला.

### कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर सुनी मन की बात

**सारंगपुर 27 जुलाई, सं.** प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने रविवार को विधानसभा के ग्राम गोपालपुरा के बूथ क्रमांक 112 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी. कार्यक्रम के 124 वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ता अनिल बागरी के निवास पर कार्यकर्ताओं एवं समस्त वार्ड वासियो के बीच रहकर सुना गया. इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,मन की बात प्रभारी दिनेश सिसौदिया, सुधीर श्रीमाल, राधेश्याम माहेश्वरी, मंडल महामंत्री कमल राठौर, रमेश लववंशी, विनोद लववंशी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# एटीएम से निकल रहे फटे-पुराने नोट, परेशान लोग

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 27 जुलाई, सं.** भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जीरापुर ब्रांच द्वारा हिताची पेमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड का नगर मे स्थित एटीएम मे केश डालने का यहां पर काम दिया है परंतु इन ऑडियो में जो कैसे डाला जाता है वह डैमेज कैसे डाला जाता है कोई नोट में टेप लगी हुई है तो किसी नोट में लीड से लिखा हुआ है किसी में हल्दी का कलर लगा हुआ है कोई नोट फटे हुए हैं कैश लोड करने वाली कंपनी कैश डालकर अपने काम की इतिश्री कर लेती है. कटे-फटे या गन्दे नोट जब उपभोक्ता को एटीएम से मिलते हैं तो वह परेशानी का कारण बनता है. हाल ही में एक व्यक्ति ने एटीएम मशीन से नकदी राशि निकाली, जिसमें उसे एक या एक से अधिक खराब नोट प्राप्त हुए. गुरुवार की रात्री मे सुसनेर रोड पर स्थिति एटीएम से रात्री 8.35 पर उपभोक्ता ने 20 हजार रुपये निकाले तो उसमे 3 नोट डेमेज व पेन से लिखे हुऐ निकले. वह 15 सौ रूपये बदलाने के लिए अब खिलचीपुर जाएगा. अपना समय बर्बाद करके. एटीएम मशीन मे केश लोडिंग करने वाली कम्पनी हिताची के कस्टोडियन आकाश द्वारा बताया गया कि यहां पर बैंक एटीएम फिट नोट नहीं देती है इस कारण से जो कैश बैंक देती है वही हम डाल देते हैं.

**धरपकड़** ▶ जिले के तीन थाना क्षेत्रों में एटीएम उपभोक्तओं से ठगी करने वाले गिरोह के एक दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया

# एटीएम फ्रॉड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 राज्यों में दबिश देकर पकड़ा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/पचोर/जीरापुर/सारंगपुर 27 जुलाई, सं. जिले में सायबर अपराधों और ठगी के आरोपियों पर पुलिस की कार्यशैली और धरपकड़ में काफी परिर्वतन देखने को मिला है. जिला पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी की स्पेशल टीम में बीत एक माह में कईं मामलों में अप्रत्याशित सफलता पाई है. बीते दिनों फ्रेंचायजी से जुड़े मामले में तलेन के व्यापारी को ठगने वालों को गिरफ्तार किया गया.**

वहीं लगातार दूसरे दिन ही एटीएम कार्ड से ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस लगातार सायबर फ्रॉड पर अपने तीखे प्रहार कर रही है. इससे अपराध करने वालों की नजर जिले से हटेगी और लोग स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे. पुलिस ने पचोर, सारंगपुर और जीरापुर थाना क्षेत्र में बीते एक माह में सिलसिलेवार तरीके से नागरिकों से एटीएम फ्रॉड कर लाखों की ठगी करने वालों को चार राज्यों से गिरफ्तार किया है. ये अपराधी अपना नेटवर्क राजस्थान, यूपी, दिल्ली और बिहार से चला रहे थे. ये आरोपी आए पुलिस हिरातस में- थाना जीरापुर में 21 जुलाई को हुई ठगी में अकरम उर्फ पप्पू पिता मोहम्मद अली (26 वर्ष), अमर खान पिता निसार अहमद खान (23 वर्ष), वसीम अकरम पिता जाकीर (30 वर्ष), शाहरुख पिता हारुन मुसलमान (25 वर्ष) सभी निवासीगण ग्राम रनियाला खुर्द एवं सापं की थाना पलवल हरियाणा, जाकिर हुसैन जिला डीग, वीरेंद्र सिंह गुर्जर जिला डीग को पकड़ा है. थाना पचोर में हुई ठगी में शराफत खान पिता शहाबुद्धीन ग्राम मिठठू परा थाना सिकरी, नासिर पिता दीन मोहम्मद खां, थाना पचोर में 10 जुलाई को हुई ठगी में साउद पिता युसूफ रंगरेज, आजाद पिता ताजुद्दीन और आमिर पिता फैजुदफदीन जिला गाजियाबाद, उप्र को हिरासत में लिया है. थाना सांरगपुर में 28 जून को हुई ठगी में शराफत खान पिता शहाबुद्धीन ग्राम मिठठूपरा जिला डीग, नासिर पिता दीन मोहम्मद खां को पकड़ा है.



### 4 राज्यों में 2500 किमी तक लोकेशन ट्रेस की

पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण मोबाइल लोकेशन ट्रेसिंग घटना में प्रयुक्त वाहनों की पहचान तथा डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर करीब 2500 कि .मी . दूरी तय कर विभिन्न राज्यो से ट्रेस कर कार्यवाही के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. गिरोह के सदस्य हरियाणा राजस्थान उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के शातिर अपराधी हैं जो लग्जरी वाहनों से भ्रमण कर नागरिकों को एटीएम पर सहायता के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे थे. जिले के थाना जीरापुर थाना पचोर एवं थाना सारंगपुर क्षेत्र में एटीएम धोखाधड़ी की लगातार हो रही घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के .एल . बंजारे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई. गठित विशेष टीम द्वारा अंतरराज्यीय एटीएम फॉड गिरोहों का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया गया है. बदमाशों से हुंडई कार, पीओएस (स्वाइप) मशीन, 11 एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल फोन, 2 अर्टिगा कार सहित नगदी बरामद की है.

### कब कहां हुई एटीएम ठगी

**अपराध-1** गत दिनों 21 जुलाई 2025 को थाना जीरापुर जिला राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत फरियादी रामउग्रह पाण्डेय से एटीएम कार्ड बदलकर 85,000 की धोखाधड़ी करने की गंभीर वारदात प्रकाश में आई. फरियादी की सूचना पर थाना जीरापुर में अपराध क्रमांक 292/2025 धारा 305, 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया. **अपराध-2** बीते 10 जुलाई 2025 को थाना पचोर क्षेत्रान्तर्गत फरियादी सुखबीर सिंह भदौरिया के खाते से एटीएम बदलकर 40 हजार की नकद राशि निकालकर ठगी की सूचना पर थाना पचोर में अप .क्र . 233/25 धारा 318(4) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया. **अपराध-3** गत माह 28 जून 2025 को थाना पचोर क्षेत्रान्तर्गत फरियादी रामगोपाल यादव द्वारा थाना पचोर में रिपोर्ट किया कि एटीएम सहायता के बहाने उसका कार्ड बदलकर उसके खाते से ?35,000 की नगद राशि निकाली गई। सूचना पर थाना पचोर में अपराध क्रमांक 221/25 धारा 318(4) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया. **अपराध-4** बीते माह ही 28 जून 2025 को थाना सारंगपुर क्षेत्रान्तर्गत फरियादी आयुष कुमार पिता अशोक कुमार साहू, निवासी पुराना बस स्टैंड शिवगंज से 16 हजार की ठगी की सूचना पर थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 422/25 धारा 318(4) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया.

### नवांकुर सखियों ने निकाली कलश यात्रा

**जीरापुर 27 जुलाई, सं.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड द्वारा सेक्टर झाड़मऊ ग्राम लसूडिया खेराज में हरियाली अमावस्या से पाँच दिवसीय नवांकुर सखी- हरियाली कलश यात्रा निकाली जा रही है, जहां मुख्य अतिथि सरपंच जगदीश पवांर, शिक्षक हीरालाल कारपेंटर, बीरम सिंह परमार समन्वयक जन अभियान परिषद, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लसूडिया खेराज अध्यक्ष सचिव सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता, सेविका मुख्य रूप से उपस्थित रहे. नवांकुर सखी - हरियाली यात्रा गीत गाते विद्यालय से प्रारंभ होकर ग्राम के शिव मंदिर परिसर एवं गांव का भ्रमण करते हुए पहुंचे. जिसमें पौधारोपण के प्रति जागरूक करते हुए उपस्थित सभी नवांकुर सखियों को पौधे भेंट किये गए. बीज रोपित थैली का वितरण कर पौधा बडा होने तक देख-रेख करने का आव्हान किया. इस मौके पर नम्रता बरेठा, हेमलता पटेल, रामचंद्र दांगी, धीरप सिंह पवार, गोविंद पवार, देवीलाल चौहान, नवांकुर सखियां उपस्थित रही.